प्रेस विज्ञप्ति

दिनाँक 19 मार्च 2024को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में रिज्यूमें मेंकिग एवं इंटरव्यू गाइडेंस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

दिनाँक 19 मार्च 2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में रिज्यूमें मेंकिग एवं इंटरव्यू गाइडेंस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कराया गया । सर्वप्रथम प्रभारी प्रशिक्षण एवं सेवायोजन श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय जी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्रो का अभिवादन किया। संस्थान के शैक्षिक अधिष्ठाता डा0 अरूण कुमार सिंह, कुलसचिव महोदय डा0 बी0 डी0 के0 पात्रो जी एवं प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के प्रभारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय एवं कार्यशाला के मुख्या वक्ता श्री अनुपम आनन्द (सी.ई.ओ. एवं को–फाउण्डर डेल्ट्रान टेक्नोलोजी), श्री इंन्द्रेश मिश्रा (व्यसाय प्रमुख–इकोसिलांटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और व्यवसाय सलाहकार – इन्सेप्ट्रा सॉल्यूशंस एलएलसी) सुश्री शिवांगी पाण्डेय (डेलट्रॉन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में एच.आर. प्रबंधन के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया।

श्री इन्द्रेश मिश्रा ने कार्यशाला के आरंभ में, रिज्यूमे निर्माण की विधियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए, कुछ छात्रों के साथ मिलकर उदाहरण के तौर पर रिज्यूमे तैयार किए। इस प्रक्रिया में, उन्होंने रिज्यूमे को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारियों को भी शामिल किया। रिज्यूम में अनावश्यक कौशल, प्रबंधन योग्यताएं, या शौकों का समावेश नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये न सिर्फ समय की बर्बादी हैं, बल्कि आपकी पेशेवर क्षमताओं और सीरियसनेस को भी कमतर दर्शाते हैं। श्री अनुपम यादव ने विभिन्न छात्रो से वार्तालाप की और अवगत कराते हुए कॉर्पोरेट जगत में नौकरी पाने की दिशा में, एक उत्कृष्ट रिज्यूम तैयार करना अपरिहार्य है। यह रिज्यूम आपके पेशेवर उपलब्धियों, कौशल सेट, और अनुभवों को इस प्रकार प्रकाशित करता है कि यह नियोक्ता के लिए आपको एक अद्वितीय और आकर्षक उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत करता है। इन अति महत्वपूर्ण सुझावों को अपनाकर, आप एक ऐसा रिज्यूम तैयार कर सकते हैं जो वास्तविकता और प्रभावशीलतापूर्ण हो।

कार्यशाला के द्वितीय शेषन इण्टरव्यू क्रेकिंग में अनुपम आनन्द ने विभिन्न मिस शिवांगी पाण्डेय एवं गरिमा सोलंकी ने छात्रों का मॉंक इण्टरव्यू प्रतिभाग कराकर इण्टरव्यू छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि आपको अपनी संवेदनशीलता और संदर्भ को समर्थन करना चाहिए। आपके व्यक्तित्व को दिखाता है और आपके बदलाव को समझने में मदद करता है। साक्षात्कार के प्रश्नों का उत्तर देते समय, संगठित, स्पष्ट, और संवेदनशील होना चाहिए। आपको अपने प्रतिस्पर्धियों और संगठन के प्रति सकारात्मक सहभागिता दिखाना चाहिए। इससे आपका इंटरव्यू प्रभावशाली बनेगा।

संस्थान की निदेशक महोदया, प्रो0 रचना अस्थाना ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के कौशल विकास में मददगार साबित होते है और प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रभारी श्री उपाध्याय एवं अतिथियों एवं छात्रों की सराहना की। तदुपरान्त प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के प्रभारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने सभी संस्थान निदेशक महोदय, कुलसचिव, शैक्षिक अधिष्ठाता एवं छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। उक्त कार्यक्रम में संस्थान निदेशक महोदया प्रो0 रचना अस्थाना, कुलसचिव डा0 बी0 डी0 के0 पात्रो, शैक्षिक अधिष्ठाता डा0 अरूण कुमार सिंह, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रभारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय, बृजेश कुमार, धर्मेन्द्र द्विवेदी, छात्र समन्यवक से अमन सिंह, कुशाग्र, रूपल, सचिन एवं तृतीय और चतुर्थ वर्ष के छात्र उपस्थित रहें।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज